**महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन**

(शिक्षा मंत्रालय, भारत शासन का स्वायत्तशासी संस्थान)

वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, उज्जैन - 456006 (म.प्र.)

MAHARSHI SANDIPANI RASHTRIYA VEDAVIDYA PRATISHTHAN, UJJAIN

(An Autonomous Organization under the Ministry of Education, Govt of India)

Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, Ujjain-456006

Tele : 0734-2502266, 2502254, 2502255 Fax : 0734-2502266 E-mail :msrvvpujn@gmail.com Website : msrvvp.ac.in

**प.सं.26-8/2024(शै.)/मसारावेविप्र/2119** **दिनांक : 19-08-2026**

## विज्ञापन

### आधुनिक विषयों में इंटर्नी की आवश्यकता हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यू

### दिनांक 22-08-2026 (शनिवार), प्रातः 11:00 बजे

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन द्वारा सस्वर वेद अध्ययन-अध्यापन को आधुनिक ज्ञान विज्ञान से संयोजन एवं वेद के प्रचार प्रसार परियोजना के अन्तर्गत संचालित वेद विद्यालयों में अध्ययनरत वेद विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सहायक विषयों के पाठ्यक्रम का अनुदेशन हेतु कक्षा-वार मानदेय (Honorarium) के आधार पर नियोजन दिनांक से केवल 31-3-2027 तक प्राजेक्ट इंटर्नी की आवश्यकता है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से निम्नलिखित विषयों में इंटर्नी के रूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं —

**1. संस्कृत (अधिकतम संख्या-03)**

इंटर्नी को वेद विद्यार्थियों के स्तर के अनुरूप निम्न विषयों का अध्यापन/प्रशिक्षण /अनुदेशन प्रदान करना होगा—सुलेख, संस्कृत संभाषण एवं पठन-कौशल, श्लोक-पाठ एवं स्मरण, संस्कृत भाषा एवं व्याकरण, स्तोत्र एवं प्रार्थना, सुभाषित, अमरकोश, श्रीमद्भगवद्गीता, संस्कृत पाठ्यपुस्तक संप्रेषण, ग्रन्थ पठन कौशल विकास, संस्कृत साहित्य की आधारभूत जानकारी देना है ।

**निर्देश:** अभ्यर्थी को विद्यार्थियों की आयु एवं कक्षा के अनुरूप सरल, व्यावहारिक एवं रोचक पद्धति से शिक्षण करने में सक्षम होना चाहिए तथा वेद पाठशाला के वातावरण के अनुरूप संस्कृत विषय का व्यवहारिक एवं संस्कारपरक शिक्षण करना अपेक्षित होगा।

**योग्यता-** पारम्परिक संस्कृत विषय में शास्त्री (व्याकरण अथवा साहित्य अथवा सामान्य संस्कृत) के साथ डी.एल्. एड्. अथवा बी.एड्. उपाधिधारी होना अपेक्षित है। आचार्य (व्याकरण) उपाधिधारी को वरीयता रहेगी।

19/8

2. **अंग्रेजी एवं सामाजिक विज्ञान (अधिकतम संख्या-03)**

इंटर्न को निम्न विषयों के पाठ्यक्रम के संचालन में सहयोग करना होगा—
अंग्रेजी भाषा, पठन एवं सुन्दर अक्षर लेखन, मौखिक अंग्रेजी एवं अंग्रेजी संभाषण कौशल, सामान्य सामाजिक विज्ञान, इतिहास, भूगोल एवं नागरिक शास्त्र की आधारभूत पाठ्यपुस्तक जानकारी, सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक विषयों से परिचय कराना है ।

**निर्देश:** शिक्षण का उद्देश्य वेद विद्यार्थियों में अंग्रेजी एवं सामाजिक विज्ञान विषयों की मूलभूत समझ देना, मानचित्र रेखांकन, संप्रेषण क्षमता, अंग्रेजी के पाठ संप्रेषण तथा सामान्य जागरूकता विकसित करना होगा। शिक्षण विद्यार्थियों के निर्धारित कक्षा-स्तर एवं पाठ्यक्रम के अनुरूप होना चाहिए।

**योग्यता- अंग्रेजी सहित सामाजिक विज्ञान** विषय में B.A. के साथ डी.एल्. एड्. अथवा बी.एड्. उपाधिधारी होना अपेक्षित है। M.A. उपाधिधारी एवं अध्यापन अनुभव होने पर वरीयता रहेगी।

**3. गणित एवं विज्ञान (अधिकतम संख्या-03)**

इंटर्नी को निम्न विषयों का कक्षा-वार शिक्षण करना होगा—
गणित की मूलभूत अवधारणाएँ, अंकगणित, बीजगणित एवं ज्यामिति, तार्किक एवं गणितीय चिंतन, सामान्य विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान की पाठ्यपुस्तक पर आधारभूत अवधारणाएँ, दैनिक जीवन से संबंधित वैज्ञानिक ज्ञान प्रदान करना है।

**निर्देश:** शिक्षण गतिविधि-आधारित, प्रयोगात्मक एवं विद्यार्थियों की समझ के अनुरूप होनी चाहिए। जहाँ संभव हो, स्थानीय एवं दैनिक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से विषय को सरल बनाया जाए।

**योग्यता- गणित सहित विज्ञान** विषय में B. Sc. के साथ डी. एल्. एड्. अथवा बी.एड्. उपाधिधारी होना अपेक्षित है। M. Sc. उपाधिधारी एवं अध्यापन अनुभव होने पर वरीयता रहेगी।

**4. संगीत कला एवं चित्रकला (अधिकतम संख्या-02)**

वेद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु—चित्रकला,रेखांकन एवं रंगांकन, भारतीय कला एवं संस्कृति आधारित चित्रण, संगीत-गायन शिक्षण, वाद्ययन्त्र प्रशिक्षण, सृजनात्मक कला, पोस्टर एवं शैक्षिक चित्र निर्माण, विद्यालयीन कला गतिविधियों का आयोजन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना अपेक्षित होगा।

**योग्यता- संगीत कला एवं चित्रकला** विषय में स्नातक एवं अनुभवी होना अपेक्षित है। स्नातकोत्तर उपाधिधारी एवं प्रशिक्षण अनुभव होने पर वरीयता रहेगी।

## सामान्य निर्देश एवं शर्तें

इंटर्नी का चयन संबंधित विषय में शैक्षणिक योग्यता, विषय-ज्ञान, शिक्षण-कौशल, वेद विद्यार्थियों/बालों के साथ शैक्षिक कार्य करने की क्षमता एवं अनुभव, बाल मनोविज्ञान अनुरूप प्रशिक्षित अभ्यर्थी होने के आधार पर चयन किया जाएगा। संबंधित विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर अथवा समकक्ष योग्यता तथा डी. एल्. एड्. अथवा बी.एड्. उपाधि रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। शिक्षक प्रशिक्षण, शिक्षण-अनुभव, बाल मनोविज्ञान ज्ञान, इंटर्नशिप अथवा विद्यालय स्तर पर कक्षा संचालन एवं अध्यापन का अनुभव भी अपेक्षित है। अभ्यर्थी को वेद विद्यार्थियों की विशेष शैक्षणिक पृष्ठभूमि को समझते हुए उनके अनुकूल शिक्षण करने में सक्षम होना चाहिए। इंटर्नी द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार कक्षा-वार एवं समय-सारिणी के अनुरूप शिक्षण कार्य किया जाना है। इंटर्नी की सेवाएँ प्रति कक्षा/निर्धारित शिक्षण कार्य के आधार पर मानदेय पर ली जाएँगी। यह इंटर्नशिप कार्य सस्वर वेद अध्ययन-अध्यापन को आधुनिक ज्ञान विज्ञान से संयोजन एवं वेद के प्रचार प्रसार परियोजना पर आधारित है तथा इंटर्नशिप कार्य केवल 31-3-2027 तक ही है। यह नियुक्ति नहीं है, नियमित कार्य भी नहीं है, कोई भी पद सृजित नहीं है। इंटर्नी को विद्यालय की समय-सारिणी, अनुशासन, आचार-संहिता एवं प्रशासनिक निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा, विद्यार्थियों की वैयक्तिक विषय की गोपनीयता, गरिमा एवं अनुशासन का पूर्ण ध्यान रखा जाना आवश्यक होगा। चयनित इंटर्नी को पाठ-योजना, शिक्षण-सामग्री तथा आवश्यकतानुसार विद्यार्थियों की प्रगति के संबंध में विवरण उपलब्ध कराना होगा। प्रतिष्ठान को आवश्यकतानुसार इंटर्नी की सेवाएँ जारी रखने, सेवा लेने अथवा नहीं लेने अथवा परिवर्तित करने अथवा इंटर्नी की सेवाएँ तत्काल समाप्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

19/1/2026

**आवेदन**

**इच्छुक इंटर्नी**-अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, जिस में शैक्षणिक योग्यता, विषय-विशेषज्ञता, छोटे छात्रों को पढाने का अनुभव एवं संपर्क पता, फोन सं., ई.मेल सहित हो, के साथ दिनांक 22.8.2026 को 11.00 बजे प्रतिष्ठान कार्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

**नोट:** चयनित इंटर्नी अभ्यर्थियों को निर्धारित कक्षा-वार मानदेय के आधार पर कक्षा-वार शिक्षण-प्रशिक्षण/अनुदेशन/भाषा शिक्षण दायित्व सौंपा जाएगा। **प्रतिदिन 2.00 से 6.00 बजे के बीच अधिकतम दो कक्षाएं होंगी। इंटर्नी का समय उपलब्धि, शैक्षिक विशेषता एवं आवश्यकता के अनुरूप पूर्वाह्न में भी दायित्व दिया जा सकता है।** स्किल के आधार पर मानदेय, कार्य-दिवस एवं कक्षाओं का विवरण साक्षात्कार के समय प्रतिष्ठान से प्राप्त कर सकते हैं।

सचिव

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान